भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3182**
**19 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**
**चीनी का उत्पादन और खपत दर**

**3182. श्री अशोक कुमार रावतः**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को देश में चीनी के उत्पादन और खपत दर के बीच भारी अंतर की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान कुछ राज्यों में चीनी मिलों के बंद होने के संबंध में कोई आकलन किया गया है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अब तक बंद हुई चीनी मिलों की राज्यवार संख्या कितनी है; और

(ग) क्या देश में चीनी उत्पादन में कमी के कारण चीनी की कीमतों में वृद्धि के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** देश में चीनी उत्पादन घरेलू खपत की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। प्रत्येक चीनी मौसम में चीनी का उत्पादन लगभग 300-360 लाख टन (एलएमटी) होता है, जबकि घरेलू खपत 270-297 लाख टन होती है।

**(ख)**: राज्य सरकारें प्रत्येक चीनी मौसम के दौरान आवधिक आधार पर चीनी मिलों के बंद होने के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करती हैं। पिछले तीन चीनी मौसमों के दौरान बंद चीनी मिलों की चीनी सत्रवार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

**(ग)**: व्यावहारिक सरकारी नीतिगत हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप, चीनी की कीमत बिना किसी महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव के स्थिर और उचित सीमा पर बनी हुई है। चूंकि चीनी का उत्पादन घरेलू आवश्यकता के लिए पर्याप्त है, इसलिए चीनी की कीमत उचित स्तर पर रहने की उम्मीद है।

******

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 19.03.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3182 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| राज्य | चीनी मौसम 2022-23 | चीनी मौसम 2023-24 | चीनी मौसम 2024-25 |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 2 | 0 | 0 |
| महाराष्ट्र | 0 | 3 | 8 |
| कर्नाटक | 0 | 0 | 0 |
| गुजरात | 0 | 0 | 2 |
| तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 |
| बिहार | 0 | 0 | 0 |
| हरियाणा | 0 | 0 | 0 |
| पंजाब | 0 | 1 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 |
| उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 |
| तेलंगाना | 0 | 1 | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 0 |
| ओडिशा | 0 | 0 | 0 |
| राजस्थान | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | **2** | **5** | **10** |